बैंकों में भर्ती संबंधी परीक्षा में हिन्दी का प्रयोग

546. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बैंकों में नियुक्ति के लिए आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में हिंदी की उपेक्षा की जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) उन बैंकों के नाम क्या-क्या हैं जो हिंदी माध्यम से अपनी परीक्षायें आयोजित करते हैं ; और

(घ) बैंकों की भर्ती परीक्षाओं में हिन्दी को समुचित स्थान दिलाने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) से (घ) सरकारी क्षेत्र के बैंकों में लिपिकीय संवर्ग के साथ-साथ प्रोबेशनरी अधिकारियों और अन्य विशेषज्ञ संवर्गों की रिक्तियों को भरने के लिए बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड/केंद्रीय भर्ती बोर्ड परीक्षायें आयोजित करते हैं । स्थायी निदेशों के अनुसार अभ्यार्थियों को लिपिकीय संवर्ग की परीक्षाओं के वर्णनात्मक पत्रों के लिए अपने उत्तरों को कोई बोर्ड द्वारा निर्धारित क्षेत्रीय भाषा, हिन्दी अथवा अंग्रेजी एवं परिवीक्षाधीन अधिकारियों की परीक्षा के लिए हिन्दी अथवा अंग्रेजी में लिखने का विकल्प प्राप्त है । तथापि, बोर्ड द्वारा दी गयी अनुमति वाली भाषाओं में से अभ्यार्थियों को सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने के लिए केवल एक भाषा का प्रयोग करना होगा ।

उत्तर प्रदेश में रुग्ण औद्योगिक इकाइयों के लिए भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक की सहायता

547. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक ने उत्तर प्रदेश की रुग्ण औद्योगिक इकाइयों के लिए कोई सहायता नहीं दी है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) यदि सहायता दी गयी है, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान, उत्तर प्रदेश की रुग्ण औद्योगिक इकाइयों के लिए दी गयी सहायता की मात्रा का वर्षवार ब्यौरा क्या है ; और

(घ) उत्तर प्रदेश को दी गयी सहायता का जिलावार ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) जी, नहीं ।

(ख) यह सवाल ही पैदा नहीं होता ।

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक द्वारा उत्तर प्रदेश में रुग्ण औद्योगिक इकाइयों को मंजूर और संवितरित सावधि ऋण की राशि नीचे दी गई है ।—

(राशि करोड़)

	मंजूरी		संवितरण	
	इकाई	राशि	इकाई	राशि
1989–90	5	4.10	6	3.71
1990–91	10	11.14	9	8.01
1991–92	2	3.98	9	5.62